प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम

पंतनगर। 13 सितम्बर 2021। विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़े किसानों को प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाए देने के लिए खरपतवार प्रबंध अनुंसधान परियोजना के वैज्ञानिकों द्वारा ग्राम चकरपुर ब्लॉक बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर में कृषकों को खरीफ एवं रबी फसलों में खरपतवार नियंत्रण की विधियां एवं उनके प्रयोग में आने वाली समस्याओं का प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम खरपतवार अनुंसधान के वैज्ञानिक डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ शोध अधिकारी सस्य विज्ञान विभाग, डा. तेज प्रताप के तत्वाधान में किया गया।

डा. तेज प्रताप ने सभी अतिथियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए परियोजना के उदेश्यों एवं खरतपवार से होने वाली हानि एवं उसके प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने वरिष्ठ शोध अधिकारी द्वारा खरतपवार नियंत्रण की विभिन्न विधियों के बारे में भी किसानों को बताया। डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने खरीफ फसलों में खरपतवार से होने वाले नुकसान एवं शाकनाशियों के प्रबंधन हेतु उपयोग में आने वाले विभिन्न उपकरणों एवं शाकनाशियों की उचित मात्रा और छिड़काव करते समय सावधानियों के बारे में बताया तथा किसानों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जबाब भी दिया। डा. सिंह ने किसानों को व्हाट्सएप से जुड़ने का आवाह्न किया, जिससे किसानों की समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों द्वारा हो सके। कार्यक्रम के अंत में डा. तेज प्रताप ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।